आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राष्ट्रपति बुनियादी ढांचा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुनियादी ढांचे की निर्माण परियोजनाओं को पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा की दृष्टि से किफायती बनाने पर जोर दिया है। आज दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी इंजीनियरों के समूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इमारतें, सडकें और अन्य आधारभूत ढांचे को टिकाऊ, ऊर्जा की दृष्टि से कम खर्चीला व पर्यावरण अनुकूल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों को अपने दृष्टिकोण में नवाचारी होना चाहिए ताकि वे उभरती चुनौतियों का प्रभावशाली ढंग से सामना कर सकें। राष्ट्रपति ने युवा इंजीनियरों को सलाह दी कि वे अलग–थलग न रहें बल्कि सहयोगात्मक, दूरदर्शी और टैक्नॉलॉजी आधारित दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोट जैसी नई व उभरती तकनीकें सोचने विचारने के पारम्परिक तरीके में बाधा पहुंचा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल निर्माण समय की आवश्यकता है और निर्माण के नवाचारी तरीकों से इस क्षेत्र में बदलाव लाने की क्षमता है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मण्डी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी हाईकमान के फैसले को सर्वोपरी बताया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने को लेकर वे अपना पक्ष हाईकमान के समक्ष रख चुकी हैं और जो भी निर्णय पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाएगा वो स्वीकार्य होगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा उपचुनाव में मजबूत प्रत्याशी उतारेगी और जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव में टिकट को लेकर चर्चा हुई है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि आगामी चुनावों में प्रदेश में सरकार और संगठन आपसी तालमेल से कार्य करेंगे और पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को दिल्ली में हाईकमान के साथ बैठक होगी जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी और एक सप्ताह में टिकटों की घोषणा कर दी जाएगी।

कांग्रेस बैठक

प्रदेश में 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव और 4 संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने अपने–अपने कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बना कर जीत हासिल करने के लिए मुहिम शुरू कर दी है। इसी के तहत शिमला संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के चुनाव प्रभारी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में ज़िला अध्यक्षों व अग्रणी संगठनों के प्रमुखों के साथ एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रोहित ठाकुर ने सभी को लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने ज़िलाध्यक्षों को सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ तालमेल और बूथ व बी.एल.ओ. के साथ सीधा संपर्क बनाए रखने को कहा। रोहित ठाकुर ने प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने की बात भी कही। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकसभा की चारों और विधानसभा की सभी 6 सीटों पर अपनी जीत का परचम लहराएगी।

चुनाव तैयारियां

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन विभाग तैयारियों में जुट गया है। लाहौल–स्पीति ज़िले में 92 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 2 संवेदनशील हैं। आज केलंग में पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि ज़िले के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है जिसमें 16 केन्द्रीय सुरक्षा बल व बटालियन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हथियार जमा करने के लोगों को आदेश दे दिए गए हैं जिसके तहत अभी तक कुल 2 सौ 41 में से एक सौ 61 हथियार थानों में जमा हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस थानों के माध्यम से फ्लैग मार्च कर लोगों को स्वतंत्र व निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल–स्पीति ज़िले की सीमाएं कारगिल व समदो में चीन से लगती हैं ऐसे में इन क्षेत्रों में तस्करी जैसी गतिविधियों पर पूरी नज़र रहेगी।

छात्र विनिमय

केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में छात्र विनिमय और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 10 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हिमाचल व उड़ीसा के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर सतप्रकाश बंसल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 5 उद्देश्यों पर्यटन, परंपरा, परस्पर संपर्क, प्रौद्योगिकी और प्रगति को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये एक सराहनीय प्रयास है जिसमें विद्यार्थी एक–दूसरे राज्यों की संस्कृति, रीति–रिवाज सहित नई–नई तकनीकी जानकारियों से रूबरू हो रहे हैं। इस अवसर पर नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर राजेश्वर चंदेल ने कहा कि उड़ीसा और हिमाचल दोनों राज्य पारंपरिक विरासत के धनी हैं और इन राज्यों में बहुत सारी ऐसी विशेषताएं हैं जो आपस में एक–दूसरे को जोड़ती हैं। इस दौरान उड़ीसा के विद्यार्थियों के लिए हिमाचली धाम का आयोजन करने के अलावा धर्मशाला के विभिन्न स्थानों का भ्रमण भी करवाया गया।